# आकाशवाणी शिमला

**03.07.2024** **1945बजे**

**" मुख्य समाचार"**

- प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों में मतदान के लिए अब 7 दिन शेष–चुनाव प्रचार में लगातार तेजी जारी।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की हमीरपुर के मतदाताओं से धन–बल की राजनीति करने वालों को सबक सिखाने की अपील।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–बिना काम किए ही घोटाले करने वाली सरकार चला रहे सुखविंदर सिंह सुक्खू।

- नीति आयोग का आकांक्षी जिलों में तीन महीने का सम्पूर्णता अभियान कल 4 जुलाई से होगा आरम्भ।

**चुनाव प्रचार**

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में 10 जुलाई को होने वाले उप चुनाव के लिए अब 7 दिन शेष रह गए हैं ऐसे में चुनाव प्रचार लगातार तेजी से जारी है। भाजपा व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में रैलियों व नुक्कड़ सभाओं द्वारा वोट मांग रहे हैं।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि वे धन–बल की राजनीति करने वाले को कड़ा सबक सिखाएं। सुक्खू ने आज हमीरपुर के बल्ह, बलोह, अग्घार, दरोग, खग्गल और धनेड़ में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा ने ये कहते हुए विधायकी छोड़ दी थी कि उनके काम नहीं हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि वे फिर से विधायक बनते हैं तो काम फिर भी नहीं होगे क्योंकि मुख्यमंत्री मैं हूं और काम तो मुझे ही करने हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कांग्रेस उम्मीदवार को सेवा का मौका दें ताकि हमीरपुर में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ सके। सुक्खू ने ये भी आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार के समय प्रेम कुमार धूमल को कमजोर करने के लिए हमीरपुर में विकास नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि हमीरपुर से ही तीन पूर्व विधायक नहीं चाहते कि जिले का मुख्यमंत्री हो। इसीलिए उन्होंने सरकार के खिलाफ बगावत की और सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को व्यापारी और अहंकारी भी करार दिया।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेश में बिना काम किए ही घोटाले करने वाली सरकार चला रहे हैं। जयराम ठाकुर ने आज देहरा में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि डेढ़ साल में ही सुक्खू सरकार के घोटाले सामने आने लगे हैं और जल्द ही ये सरकार घोटालों का रिकॉर्ड बनाएगी। उन्होंने मार्किटिंग बोर्ड में हुए कथित टेंडर घोटाले का जिक्र किया और ये भी आरोप लगाया कि परिवहन निगम को दो लाख रूपए की जमीन दो करोड़ में बेच दी गई जिसमें मित्रों का नाम सामने आ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उनके मित्रों का टोला प्रदेश के विकास में बाधक बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने अपने ससुराल देहरा में खोले गए दर्जनों स्कूल, सरकारी कार्यालय और अन्य सुविधाएं सत्ता संभालते ही बंद करवा दी जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जयराम ठाकुर ने दावा किया कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में देहरा विधानसभा क्षेत्र में 6 सौ करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्य करवाए गए।

**चन्द्र कुमार**

कृषि मंत्री चन्द्र कुमार ने देहरा के पूर्व विधायक व भाजपा उम्मीदवार होशियार सिंह से पूछा है कि उन्होंने देहरा के विकास के लिए मिली विधायक निधि कहां खर्च की। चन्द्र कुमार ने आज देहरा से एक बयान में कहा कि आज ये विधानसभा क्षेत्र चारों तरफ बदहाल स्थिति में है। उन्होंने कहा कि होशियार सिंह को साढ़े 6 साल में 6 करोड़ रूपए की विधायक निधि मिली लेकिन इसे विकास कार्यों पर खर्च नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि होशियार सिंह की जनता के काम और विकास में कोई रूचि नहीं है। देहरा के लोग आज पेयजल को तरस रहे हैं और सड़कों की हालत खस्ता है। लोग कम वोल्टेज की समस्या से भी जूझ रहे हैं लेकिन होशियार सिंह ने इस समस्या को उठाने के बजाए अपना इस्तीफा मंजूर करवाने के लिए विधानसभा के बाहर धरना दिया।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रदेश में मित्रों का टोला लगातार भ्रष्टाचार फैला रहा है। बिंदल ने आज देहरा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पार्टी प्रत्याशी होशियार सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार माफिया की गिरफ्त में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है और आपराधिक घटनाओं में हर रोज वृद्धि हो रही है। बिलासपुर और नालागढ़ में हुए गोलीकांड इसके साक्षी हैं। उन्होंने खाद्य व नागरिक आपूर्ति निगम के देहरा स्थित राशन गोदाम में बड़े घोटाले का आरोप लगाया और कहा कि यहां से लगभग एक करोड़ रूपए का राशन गायब हो गया है।

**भाजपा**

भाजपा नेता व विधायक सुधीर शर्मा ने आरोप लगाया है कि प्रदेश के कांग्रेस सरकार घोटालों के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के इन घोटालों के भाजपा के पास दस्तावेज

मौजूद है और इनका जल्द ही खुलासा किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश मार्केटिंग बोर्ड में 7 करोड़ रूपए से ज्यादा की लागत के डिजिटाईजेशन टेंडर में घोटाले का आरोप लगाया और कहा कि टैंडर आबंटन में वित्तीय नियमों की अनदेखी हुई है। सुधीर शर्मा ने ये भी कहा कि पर्यटन विकास निगम में एशियन विकास बैंक की फंडिंग से बन रहे कई प्रौजेक्टों में भी टैंडर आबंटन में धांधलियां हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश को लूटने की खुली छूट दे दी है। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को मुख्यमंत्री, पत्नी और मित्रों की भ्रष्ट सरकार भी करार दिया।

**सम्पूर्णता अभियान**

नीति आयोग कल 4 जुलाई से 30 सितम्बर तक 3 महीने का सम्पूर्णता अभियान आरम्भ कर रहा है। इस अभियान का उद्देश्य देशभर के आकांक्षी जिलों में 6 प्रमुख संकेतकों और आकांक्षी ब्लॉकों में 6 प्रमुख संकेतकों की परिपूर्णता अर्जित करने के लिए निरंतर प्रयास करना है। सम्पूर्णता अभियान के दौरान जिन संकेतकों पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा उनमें पंजीकृत गर्भवती महिलाओं, मधुमेह, रक्तचाप, पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और रिवॉल्विंग फंड प्राप्त करने वाले स्वयं सहायता समूहों का प्रतिशत शामिल है।

**प्रशंसा पत्र**

प्रदेश के कृषि विभाग को अंतर्राष्ट्रीय मिलेटस वर्ष 2023 के दौरान मिलेट्स के प्रचार–प्रसार में उत्कृष्ठ कार्य के लिए प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया है। कृषि विभाग को भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा ये प्रशंसा पत्र दिया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस सम्मान के लिए कृषि विभाग को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और विभाग ने मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए अनेक नवोन्मेषी कदम उठाए हैं।

**परिचर्चा**

देश में पहली जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। इन कानूनों के लागू होने से लोगों को त्वरित न्याय मिलेगा। नए आपराधिक कानूनों से समाज के विभिन्न वर्गों को होने वाले फायदों और इनके बारे में जागरूकता लाने के लिए आकाशवाणी शिमला से आज शाम 8 बजकर 15 मिनट पर एक विशेष परिचर्चा प्रसारित की जाएगी। इस परिचर्चा में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय शिमला के कार्यकारी कुलपति प्रोफैसर चंचल कुमार सिंह और डीन प्रोफैसर संतोष कुमार शर्मा नए कानूनों को लेकर जानकारी देंगे।

**कुलदीप सिंह पठानिया**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मनरेगा से संबंधित विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। पठानिया चुवाड़ी में क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियो को संबोधित करते हुए कहा कि वे विकास कार्यों को निर्धारित समय अवधि के भीतर पूरा करना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को समय पर इनका लाभ मिल सकें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को जन अपेक्षाओं और आवश्यकताओं के अनुरूप निष्ठा व ईमानदारी से काम करने की भी सलाह दी। विधानसभा अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों को भी तालमेल से काम करने को कहा ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ सकें।

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। बीते 24 घंटों में राज्य के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा हुई है जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। इस दौरान मंडी जिला के कटौला में सर्वाधिक एक सौ 54 मिलीमीटर, पंडोह में एक सौ 6, सुजानपुर टिहरा में 82, गोहर में 55, जोत में 54, धर्मशाला में 48, काहू में 47, मशोबरा में 45, बागी में 40, मण्डी में 34 और सुंदरनगर में 31 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अन्य स्थानों में भी मॉनसून की व्यापक वर्षा हुई। मॉनसून की वर्षा में आई तेजी के बाद प्रदेश में अधिकतम व न्यूनतम तामपान सामान्य बना हुआ है। इस बीच मौसम विभाग ने 7 जुलाई तक ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू, शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों में अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने आज मण्डी जिला के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। विभाग के अनुसार राज्य में 9 जुलाई तक अधिकांश स्थानों पर मॉनसून की वर्षा का दौर जारी रहेगा। इस बीच मण्डी जिला प्रशासन ने जिले में भारी वर्षा के ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए लोगों खासकर पर्यटकों से नदी–नालों, भू–स्खलन संभावित क्षेत्रों और ऊँचाई वाले इलाकों में न जाने की सलाह दी है।

**होशियार सिंह**

देहरा विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यदि बीते 15 महीनों में देहरा में विकास किया होता तो आज न उपचुनाव होता और न ही सुक्खू को अपनी पत्नी की जीत की चिंता करनी पड़ती। उन्होंने कहा कि चुनाव विश्वास और विकास के द्वारा जीते जाते हैं न कि लोगों को डरा–धमका कर। होशियार सिंह ने कहा कि देहरा की जनता पहले भी उनके साथ थी और आज भी उनके साथ है।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों में मतदान के लिए अब 7 दिन शेष–चुनाव प्रचार में लगातार तेजी जारी।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की हमीरपुर के मतदाताओं से धन–बल की राजनीति करने वालों को सबक सिखाने की अपील।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–बिना काम किए ही घोटाले करने वाली सरकार चला रहे सुखविंदर सिंह सुक्खू।
- नीति आयोग का आकांक्षी जिलों में तीन महीने का सम्पूर्णता अभियान कल 4 जुलाई से होगा आरम्भ।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ– नमस्कार।**